Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 26-03-2023 | अंक 523

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com


## न्यूज ब्रीफ

### जमीन विवाद को ले कर दो पक्षों में मारपीट तीन घायल, रेफर



**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना अंतर्गत ग्राम कटीयोन में जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट राजदेव सिंह 52 वर्ष पिता कारू सिंह बसंत सिंह 48 वर्ष पिता जगदीश सिंह सचिन कुमार 21 वर्ष पिता बसंत सिंह है । रास्ते पर दीवार दिया जा रहा था उसी बात को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन व्यक्ति गंभीर रूप घायल हो गए है। प्राथमिकी उपचार के सदर हजारीबाग रेफर कर दिया है।

### रामनवमी में शांति व्यवस्था बनाए को लेकर बरवाडीह थाना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त के निर्देशानुसार रविवार को बरवाडीह थाना क्षेत्र के पोखरी कलां, बेतला समेत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी पर्व को लेकर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु बरवाडीह बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय की उपस्थिति में बरवाडीह थाना एस आई राहुल कुमार समेत अन्य पुलिस बल के जवान के साथ सड़क मार्ग में फ्लेग मार्च किया गया।इस दौरान लोगों से अपील की गई की शांति व्यवस्था बनाए रखें और शांति पूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को मनाये।






# खेरौन में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

## वर्तमान व पूर्व विधायक सहित हजारों लोग हुए शामिल, लगा जय माता दी का जयकारा





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड के अंतर्गत खेरौन मंदिर प्रांगण स रविवार को खेरौन यज्ञ समिति के द्वारा श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा के साथ किया गया। रविवार के सुबह क्षेत्र की महिला व बच्चियों ने 501 कलश के साथ कलशयात्रा में शामिल हुए कलश यात्रा का शुभा. रंभ ।वर्तमान विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला व संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं जिप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव एवं क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह, बुद्धिजीवी मंच सह राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक ईशो सिंह, तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष अरुण कुमार साहू, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव , अर्जुन साहू, समाजसेवी दुलार प्रसाद यादव ,आईसीआर के डायरेक्टर विशाल प्रसाद नाथ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रद्युमन सिंह ने संयुक्त रूप से कलश देकर किया। प्रधान यज्ञाचार्य अमित उपाध्याय विधि विधान के साथ कलश पूजन किया। कलश यात्रा खेरौन मंदिर प्रांगण से निकलकर गांव होते हुए त्रिवेणी नदी पहुंचा, जहां विधि विधान के साथ कलश में जल उठाकर पुरा गांव भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने कलश स्थापित किया। कलश यात्रा में सम्मानित अतिथि गण मुख्य पुजारी पूर्व मुखिया सिंबल सिंह पत्नी देवंती देवी ने पूजा अर्चना का विधि विधान संपन्न कराया। पूर्व मुखिया शिबल सिंह ने कहा की सनातन धर्मलंवबियों के द्वारा इस तरह का आयोजन हर जगह किया जाना चाहिए । पुजारी अमित उपाध्याय जी ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवाई। जानकारी देते हुए अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि यज्ञ का समापन 03 अप्रैल को होगा। साथ ही बताया कि हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ एवं मेले का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा में पूर्व मुखिया शिबल सिंह अध्यक्ष अशोक सिंह प्रद्युम्न सिंह सचिव, भोला सिंह कोषाध्यक्ष, गोपाल साव, उमेश सिंह, मनोज सिंह,रामाधीन यादव, प्रदीप सिंह, दिनेश सिंह, राधेश्याम सिंह को उपाध्यक्ष, लोकेस सिंह, बीरबल सिंह,रंजीत सिंह, पवन सिंह, बिरेन्द्र गुप्ता को उपसचिव, शैलेन्द्र सिंह, अवधेश सिंह को उपकोषाध्यक्ष,देवेन्द्र सिंह, शम्भु सिंह, जय प्रकाश नारायण सिंह, विजय सिंह, सतेंद्र कुमार सिंह, देवनंदन सिंह,सरवन सिंह, राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, अवध सिंह, सुरेंद्र सिंह को संगठन मंत्री, मनोज सिंह, आनंद सिंह उपेंद्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह गुड्डू, चंदन सिंह, बहादुर राणा, दिलीप साव, राकेश सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, दीपक साव, वासुदेव यादव, अमन सिंह, छोटू सिंह (अमन), तापेश्वर सिंह, रा. जेश सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# धोबघट तक पहुंच सड़क, खेरौन के प्राचीन मंदिरों को पर्यटन स्थल बनाने व जीटी रोड गुजरा से विजैया तक सड़क मरम्मतीकरण को विधायक उमाशंकर अकेला ने सदन में उठाया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर हमेशा सरकार तक जनता की आवाज बनकर समस्याओं को पहुंचाते हुए उसके निराकरण हेतु प्रयासरत रहते हैं। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उन्होंने बरही उमाशंकर अकेला द्वारा सदन में विभिन्न मांगों के लिए प्रश्न काल में सवाल रखे गए। जिनमें उन्होंने हजारीबाग जिला के बरही प्रखण्ड के रानीचुआ पंचायत के पिंडवा, परसातरी, नरसिंघवा तथा धोबधट से ग्राम जीतपुर तक लगभग 12 किमी सड़क का निर्माण कार्य की बात रखी। बताया कि चारों ग्राम में अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति के लोग रहते है, वहाँ न तो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है, न ही आने-जाने की व्यवस्था है जिसके कारण महिलाओं को प्रसव की जरूरत होने पर चारपाई पर टाँग कर पहाड़ से नीचे उतारा जाता है, तब बरही अस्पताल आना पड़ता है। इस प्रश्नगत पथ की कुल लंबाई 12 किमी है, जिसका 90 प्रतिशत पथांश वन भूमि क्षेत्र में पड़ता है। जवाब में सम्बंधित मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि प्रश्नाधीन पथ के संबंध में वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त होने पर विभागीय नीति एवं बजटीय उपबंध के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा हजारीबाग जिला के बरही प्रखण्ड में जीटी रोड गुजरा मोड़ से पड़रिया, मलकोको, ओरपरता, मदनपुर, खूर्दजवाड़, डपोक, वै. जलाडीह, गरजामों होते हुए गुड़ियों मोड़ तक लगभग 20 किलोमीटर रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर है, जिसका निर्माण आर.ई.ओ. के द्वारा किया गया है। डुमरीयाडीह होते हुए आर. ई.ओ. रोड ओरपरता से गुडियो मोड़ भाया डपोक, बैजलाडीह, गरजामो का पथांश आर.ई.ओ. रोड से डपोक पीएमजीएसवाई के डीएलपी में है। बताया कि रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर होने के कारण आवागमन में काफी दिक्कत होती है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क




योजना अन्तर्गत पूर्व में निर्मित ग्रामीण पथों की मरम्मति विशेष मरम्मति हेतु विभागीय नीति संसूचित है। इसके आलोक में चरणबद्ध तरीके से अर्हक पथों का चयन करते हुए विशेष मरम्मति हेतु डीपीआर उपलब्ध कराने का अनुरोध सभी संबंधित अभियंताओं से किया गया है। सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत डीपीआर प्राप्त होने के उपरांत बजटीय उपबंध के आलोक में संबंधित पथों की मरम्मति की स्वीकृति के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग को अवगत कराया कि बरही प्रखण्ड के ग्राम खेरौन में सात से आठ विभिन्न भगवान का मंदिर अवस्थित है, प्रति वर्ष उन मंदिरों में हजारों की संख्या में शादी-विवाह होता है तथा प्रतिदिन सैकड़ों लोग दर्शन हेतु आते हैं, वर्णित स्थल को पर्यटन स्थल घोषित कर विकास करना चाहती है। इसपर जिला पर्यटन संवर्धन परिषद व तदोपरांत राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की अनुशंसा के आलोक में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा किसी भी स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित किया जाता है। जिसके पश्चात उक्त स्थल के विकास हेतु राशि उपलब्ध कराई जाती है। विभागीय पत्रांक 407 दिन शनिवार को द उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव जिला पर्यटन संवर्धन परिषद के समक्ष विचारार्थ रखने हेतु उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला पर्यटन संवर्धन समिति हजारीबाग को निर्देशित किया गया है। इस सम्बंध में बरही प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी कहते है कि बरही विधायक श्री अकेला विधानसभा क्षेत्र के जनमुद्दों को पुरजोर तरीके से लगातार उठाने के लिए जाने जाते है। उनका उद्देश्य जनहित व लोकहित होता है।


APEM LIVE

## जंगल को आग से बचाने के लिए वन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : वन विभाग ने जंगल को आग से बचाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया है।इसके तहत रविवार को जिला मुख्यालय के ललमटिया गावं स्थित फा. ईरिंग रेंज के मैदान में एक जागरूकता अभियान चलाया गया।इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि जंगल में फूलने वाला महुआ का फूल ग्रामीणों की आय का बड़ा स्रोत होता है। महुए के फूल के लिए गांव के लोग जंगल में आग लगा देते हैं। यही कारण की गर्मी से पहले गांव के लोगों को सतर्क किया जा रहा है कि वे जंगल में आग ना लगाएं।श्री कुमार ने बताया कि जंगल में लगने वाली आग के कारण उनका खुद का भी अहित हो सकता है। न सिर्फ इससे वन उपज नष्ट हो सकती है बल्कि उन्हें कानूनी मुश्किलों से भी घिरना पड़ सकता है। ज्ञात हो कि गर्मी के मौसम में पतझड़ के दौरान जंगल में पत्तों का ढेर लग जाता है। महुआ के पेड़ के नीचे भी भारी मात्रा में महुआ के पत्ते झड़ कर सूख जाते हैं। महुए के फूल जब गिरते हैं तो वे इन्हीं सूखे हुए पत्तों के नीचे छुप जाते हैं, जिन्हें तलाश पाना सरल नहीं होता है। यही कारण है कि ग्रामीण महुए के फूलों के गिरने से पहले पेड़ों के नीचे सफाई करने के लिए पत्तों में आग लगा देते हैं। पत्तों में लगने वाली आग कभी-कभी विकराल रूप ले लेती है और जंगल के बड़े हिस्से को तबाह कर देती है।इस अभियान के दौरान जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव,वन क्षेत्र पदाधिकारी संजय कुमार,रंथु उरांव, सेलेस्टीन कुजूर ने ग्रामीणों को सजग किया।

## मध्यगोपाली में आयोजित तृतीय वार्षिकोत्सव में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब, कलश यात्रा के साथ यज्ञ का शुरू

### भक्ति का केंद्र बना मध्यगोपाली, भक्तिमय हुवा क्षेत्र : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



यवनपुर पंचायत के मध्यगोपाली में आयोजित तृतीय वार्षिक महोत्सव सह श्री श्री 108 श्री रुद्रचण्डी पाँच दिवसीय महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुवा। कलश यात्रा में भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा। माँ दुर्गा देवी मंडप एवं शनि मंदिर मध्यगोपाली से निकला कलश यात्रा जीटी रोड दादपुर होते हुए बारा नदी तक पहुँचा। आज्ञाचर्य श्री नंद किशोर पंडित ने मंत्रोच्चारण के साथ जल भरनी का कार्य सम्पन्न किया। इससे पहले यज्ञ समिति के अध्यक्ष सियाराम भारती, सचिव महेंद्र साव, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, संयोजक मोहन साव, उपाध्यक्ष बलराम यादव, उपसचिव युगल साव, उप कोषाध्यक्ष कैलाश गुप्ता, सक्तिय सदस्य राजेश गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, अक्षय गुप्ता, बंसत राणा आदि ने कलश यात्रा में शामिल बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जीप सदस्य राकेश रंजन, रवि अकेला यादव, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चनद्रवंशी व सीताराम साहू, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व जीप सदस्य रामस्वारूप पासवान, सहित अन्य को श्री राम का पट्टा देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ने कहा मध्यगोपाली भक्ति का केंद्र बिंदु बना हुआ है, क्षेत्र में भक्तिमय माहौल है । कहा यज्ञ के आयोजन से वातावरण का शुद्धिकरण होता है। यज्ञ समिति युवा विकास केंद्र मध्यगोपाली के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रति संध्या आयोध्या धाम से पहुंचे श्री शिव शंकर बाल व्यास जी महाराज के मधुरवाणी से भक्ति का रस परोसा जाएगा। कलश यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, दादपुर मुखिया गंदौरी दांगी, चोरदाहा मुखिया अर्चना हेंब्रम, प्रतिनिधि राजकुमार यादव, पूर्व मुखिया प्रति. निधि अरविंद सिन्हा, भा. जपा नेता रामचन्द्र सिंह, राकेश पांडेय, सियाराम सिंह, सुरेन्द्र पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर साहू, मुनेश्वर गुप्ता, राहुल राणा, राजेन्द्र दांगी, संजय, राजाराम यादव, सुबोध यादव, समाजसेवी बबन सिंह, बिनोद राणा, महेंद्र साव, यज्ञ समिति सदस्य भरत सिंह, बैजनाथ गुप्ता, बालदेव साव सहित

## रामनवमी महापर्व को लेकर धनवार पंचायत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कोरियाडीह अखाड़ा को 21000 एवं धनवार अखाड़ा को 5100 का दिया सहयोग राशि

### ऐसा जनप्रतिनिधि सबको मिले : ग्रामीण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सांप्रदायिक सौहार्द के साथ व्यवस्थित तरीके से गरिमा माहौल में विख्यात रामनवमी के आयोजन के लिए धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कोरियाडीह अखाड़े को 21000 एवं धनवार के अखाड़े को 5100 का सहयोग राशि दिया। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की तरह हम सभी राम भक्तों को मर्यादित होकर भव्य तरीके से राम जन्म उत्सव मनाएंगे। उन्होंने धनवार, कोरियाड़ीह वासियों को रामनवमी पर विधि व्यवस्था बनाने में महासमिति एवं जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। कहा कि इसके लिए समाज के हर वर्ग की सहयोग का आवश्यक है। प्रशासन की प्राथमिकता शोभायात्रा एवं पर्व के दौरान नागरिकों को निरंतर मूलभूत सुविधाएं एवं सेवा मिल सके इसके लिए प्रशासन संबंधित विभाग को अलर्ट पर रखें। पुलिस प्रशासन सभी पर्व त्योहारों को निष्पक्ष शांतिपूर्ण तरीके से सभी समुदाय की भावना नागरिक सुविधाओं को दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन नजर रखें, इसके अलावा भी जो बिजली कटौती में सुधार अवैध रूप से शराब नशा कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की मांग, अस्पताल में सुविधा दुरुस्त रखने, एंबुलेंस की व्यवस्था की हो।

## उप मुखिया की सास का निधन , गांव में शोक की लहर, अंतिम संस्कार आज

**अपेम लाइवः बडकागॉंव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के पूर्वी पंचायत की उप मुखिया कुमारी प्रीति की सास मधु देवी (57 वर्ष) पति रामेश्वर साहू की पत्नी का निधन रविवार की सुबह हो गई। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार की सुबह मध्य पंचायत स्थित पीपल नदी घाट में की जाएगी। उनके निधन की खबर मिलते ही शोक की लहर फैल गई मधु देवी पिछले कई दिनों से बीमार थी। जिनका इलाज 15 दिनों से रांची स्थित ह०स्पिटल में चल रहा था। वही उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष सोनी ने कहा कि मेरी मां का यूं असमय चला जाना मुझे जीवन भर खलेगी।वही मधु देवी अपने पीछे पति रामेश्वर साहू, बड़ा पुत्र अखिलेश सोनी, मनीष सोनी, संतोष सोनी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ चली गई। जिसे लेकर पूरे प्रखंड भर में शोक की लहर फैल गई है।







## रोजगार सृजन केंद्र से स्थानीय बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार : अंजनी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय के पोचरा मोड़ पर स्वदेशी जागरण मंच ने स्वालंबन के लिए रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविंद प्रसाद ने किया जबकि मंच संचालन जिला संयोजक आदित्य प्रसाद ने किया ।इस अवसर पर प्रदेश सह संयोजक अंजनी सिन्हा ने कहा कि रोजगार सीमित है ।लोग दिग्भ्रमित है कि हम पढ़ रहे हैं सरकार से रोजगार लेने के लिए ।जबकि ऐसा नहीं है ।बहुत सा स्थानीय रोजगार है ।उसकी और भी ध्यान देने की जरूरत है ।यही काम स्वदेशी जागरण मंच करती है ।हर व्यक्ति के अंदर गुण हो ज्ञान हो जिससे वह अपना रोजगार का अवसर कर अपना रोजगार बन सकते हैं। .आर्चाय धनंजय ने कहा कि सभी को स्वदेशी चीज को अपनाना चाहिए ।जिससे स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को आय का स्रोत बढ़ेगा ।जिला संयोजक आदित्य प्रसाद ने कहा कि केंद्र के माध्यम से स्थानीय लोगों को हम रोजगार देने का प्रयास करेंगे। अध्यक्षता कर रहे गोविंद प्रसाद ने कहा कि हर आदमी स्वावलंबी ।लोग पढ़ कर अपने आप को धरती का भार कहते हैं ।उसको नई रास्ता नई दिशा देंगे ।उनके अंदर हीन भावना ना रहे। इस बैठक में पहुंचे राजन तिवारी,आनंद सिंह, सुनील गुप्ता, राजेश कुमार सिंह,जय सिंह ,कुंदन प्रसाद,संजय कुमार द्विवेदी, इस्लाम अंसारी,समसुल अंसारी,रामप्यारे यादव, वीरेंद्र प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## टेलीफोन उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : सदर प्रखंड के मुरूप ग्राम के हाई स्कूल के प्रांगण में रविवार को सूधीन्द्रनाथ एवं मालिनी मुखर्जी सोशल सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट एवं भारतीय दूरसंचार विनायक प्राधिकार ट्राई की ओर से टेलीफोन उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ वीके सेन गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि शिवपूजन सिंह समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सचिव प्रदीप कुमार मुखर्जी ने टेलीफोन उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी साथ ही उन्होंने किसी भी तरह की ठगी से बचने का उपाय बताया। उन्होंने ट्राई द्वारा उपभोक्ताओं के हित में जारी विभिन्न एप्पसों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष पन्नालाल राम ने किया। मुख्य अतिथि ने लोगों को टावर फ्र०ड से बचने को कहा । मौके पर पप्पू कुमार , मेजर हुसैन , प्रवीण कुमार सिंह , प्रमोद प्रसाद , रमेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## रंधीर वर्मा ट्राफी के विजेता टीम का गणमान्य तथा संघ के अधिकारियों ने किया स्वागत

### सभी विजेता टीम को संघ देगी ड्रेस व टोपी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला खेल स्टेडियम में रविवार को लातेहार सीनियर टीम का स्वागत किया गया। जहां लातेहार सीनियर टीम ने रंधीर वर्मा ट्राफी में फाइनल मुकाबले में धनबाद को हराकर चौंपियन बना। लातेहार जिला क्रिकेट संघ तथा लातेहार के समाज सेवियों ने टीम के लिए स्वागत समारोह का आयोजन कर टीम के सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया । लातेहार टीम के खिलाड़ी रविवार को लातेहार समाहरणालय गेट के पास पहुंची । टीम के सभी खिलाड़ियों को संघ के पदाधिकारियों तथा समाज सेवियों ने माला पहनाकर स्वागत किया । स्वागत के पश्चात टीम के सभी खिलाड़ियों को ढोल तथा बैंड के साथ जुलूस के शक्ल में समाहरणालय गेट से स्टेडियम लाया गया । वही स्टेडियम में स्वागत समारोह का आयोजन कर खिलाड़ियों स्वागत किया गया । स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि जीप अध्यक्षा पूनम देवी ने कहा कि लातेहार जिला के लिए यह खुशी का पल है । लातेहार के खिलाड़ियों ने पहली बार रंधीर वर्मा ट्राफी जीतकर जिला का नाम रौशन किया है । वही दिशा सदस्य रामदेव सिंह ने कहा कि लातेहार क्रिकेट संघ बेहतर कार्य कर रही है जिसका परिणाम है कि लातेहार क्रिकेट में चौंपियन बना है । किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार सिंह ने कहा कि सीनियर टीम यह ट्राफी जीतकर लातेहार का गौरव बढ़ाया है । भाजपा नेता राजन तिवारी ने कहा कि लातेहार में क्रिकेट को इतना ऊंचाई तक ले जाने में क्रिकेट संघ का ही योगदान है । संघ के अध्यक्ष पंकज सिंह ने खिलाड़ियों के मेहनत तथा संघ के कार्य की सराहना करते हुए सभी को बधाई दिया तथा विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को ड्रेस तथा कैप देने की घोषणा की । कार्यक्रम में संघ के वरीय उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह, सुभाष चंद्र बोस क्लब के सचिव अनूप कुमार ने अपने अपने विचारो को रखा तथा खिलाड़ियों के हौसला अफजाई किया । वही अतिथि तथा संघ के अध्यक्ष ने ट्राफी को संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह को सौंपा । कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष विष्णु देव प्रसाद गुप्ता ने किया । मौके पर संघ के उपाध्यक्ष अनिल सिंह, प्रदीप कुमार उपाध्याय, जावेद अख्तर, प्रकाश कुमार , नीरज कुमार सिंह, दिलीप कुमार प्रसाद, सतीश कुमार द्विवेदी, शैलेश कुमार, लाल आशीष नाथ शहदेव, बसंत भगत, रमेश प्रसाद, अरुण सिंह , संतोष पाण्डेय, अजय कुमार , उमाकांत प्रसाद, संतोष रंजन, अयोध्या राम, नीरज सिन्हा समेत सैकड़ों गणमान्य तथा खिलाड़ी उपस्थित थे ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## राहुल गांधी की सदस्यता जाने के विरोध में कांग्रेसी ने किया सत्याग्रह

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : श्री गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की गयी चार हजार किमी की भारत जोड़ो यात्रा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अदानी के रिश्ते पर सवाल खड़ा करने से भाजपा सरकार बौखला गयी है।उक्त बातें कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी बिजय कुमार चौबे ने नगर पंचायत के समीप महात्मा गांधी के तस्वीर के समीप सत्याग्रह के दौरान कहा।वहीँ जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि सदन में भी श्री गांधी की आवाज दबाने का प्रयास किया गया।आगे कहा कि देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार सत्ताधारी पार्टी ने ही लगातार सदन की कार्यवाही बाधित की । लेकिन, कांग्रेस पार्टी डरने या घबराने वाली नहीं है। जनता की आवाज बनने के लिए कांग्रेस पार्टी हर कीमत चुकाने को तैयार है।मौके पर साजन कुमार समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## मिलिनियम पब्लिक स्कूल में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**



श्री बंशीधर नगररू पुरैनी स्थित सीबीएससी 10+2 साइंस क०मर्स एवं आर्ट्स मान्यता प्राप्त विद्यालय मिलिनियम पब्लिक स्कूल में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरपर्सन नूरजहां बेगम एवं अभिभावक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन ने कहा कि माता-पिता का सहयोग मिले तो शिक्षक बच्चे को अपने मंजिल तक आसानी से पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता का योगदान बच्चों के भविष्य के लिए अहम होता है उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण का नीव हमारे बच्चे होते हैं जो भविष्य में राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं। हम सभी को अपने बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा से प्रारंभ करना चाहिए। विद्यालय निदेशक मो मुमताज राही ने एनइपी 2020 पर चर्चा करते हुए कहा कि हुमन रिसोर्स डिवेलपमेंट के लिए एक्सपेरिमेंटल लर्निंग का होना जरूरी है।उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने अपने देश में एनइपी 2020 को लागू किया है। मौके पर विद्यालय प्राचार्य मंजुर राही, नागेंद्र प्रसाद सिंह,सूरज तमांग,रोहित राय,अनीश यादव,अखिलेश पांडेय, माया दुबे,अर्पणा ऋषिकांत प्रसाद,रवि शंकर चौबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

UDISE CODE - 20040105606

Arise Awake & Achieve

SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10

Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405

Mob. : 9955067983, 9934680783

Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

Career Opportunities

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

TEACHER REQUIREMENT

| Sl. No. | Post | Qualifacation |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate +B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : English/ SST/Science

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to

Mail id : bkyadav683@gmail.com

WhatsApp : 9934680783

Principal : 9470318683




## रामनवमी को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में बैठक आज 2:00 बजे

### अखाड़ों के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं डीजे साउंड प्रोपराइटर बैठक में होंगे शामिल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड में रामनवमी को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक आज सोमवार दोपहर 2:00 बुलाई गई है। उक्त आशय की जानक. ारी बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने दी है। बैठक में प्रखंड के सभी रामनवमी पूजा समिति के अखाड़े के अध्यक्ष, सचिव, ,प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि एवं डीजे साउंड के प्रोपराइटर विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। ताकी प्रखंड में शांति पूर्वक रामनवमी संपन्न कराने को लेकर विचार-विमर्श किया जा सके।

## आपसी सौहार्द के साथ मनायें रामनवमी : एसडीएम

### रामनवमी को लेकर बारेसांढ़ थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**उमेश यादव**



गारू/लातेहार : जिले के बारेसांढ़ थाना परिसर में रविवार को रामनवमी और रमजान माह को लेकर शांति समिति के सदस्यों ने बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से महुआडांड़ एसडीएम नित निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर, पुलिस निरीक्षक धर्मदेव पासवान, अंचलाधिकारी शम्भू राम, थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव उपस्थित रहे। मौके पर सदस्यों के साथ रामनवमी के दौरान निकलने वाले जुलूस, शोभायात्रा आदि पर विशेष निगाह रखने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में एसडीएम नें सम्बोधित करते हुए कहा कि शौर्य प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा के साथ पेयजल, सफाई और प्रकाश व्यवस्था करना, विवादित गाना न बजे इसके लिए थाना प्रभारी के जाँच के बाद ऑफलाइन संग्रहित करना सभी पूजा समिति सुनिश्चित करें। जितने भी अखाड़े हैं सभी समिति लाइसेंस के लिए आवेदन प्राप्त कर लें ताकि प्रशासन तथा समिति के साथ सामंजस्य बन सके। साथ ही रामनवमी और रोजेदार दोनों एक दूसरे का सम्मान सुनिश्चित करना तय करें।एसडीपीओ राजेश कुजूर नें सम्बोधित करते हुए कहा कि, जिला से सख्त निर्देश निर्देश दिया गया है कि, 31 मार्च को कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाना चाहिए। चुकि वित्तीय सत्र के आखरी दिवस होने के कारण अधिकारी, मजिस्ट्रेट अपनी कार्य व्यस्त रहेंगे। सोशल मीडिया में अपतीजनक तथा भ्रामक पोस्ट करने वालों पर विधि सम्मत करवाई किया जायेगा।बारेसांढ़ थानाध्यक्ष रंजीत कुमार यादव ने सभी मांगों पर गौर कर रामनवमी के मौके पर शांति पूर्ण तरीके से व्यवस्था करने की बातें कही। बैठक में एसडीएम नित निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर, सीओ शम्भु राम, उपप्रमुख रामदास यादव,पुलिस इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान,थाना प्रभारी रंजित कुमार यादव, एसआई पवन कुमार रजक, रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष रंजित कुमार,विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव,11पूजा समिति के सदस्य, ग्रामीण रफीक अन्सारी, आशिक अंसारी,इरफ़ान अंसारी, इस्लाम अंसारी, परमजीत तिवारी,अनुज तिर्की समेत थाना क्षेत्र के सभी धर्मो के बुद्धिजीवी लोग मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पीएम के मन की बात को आमजनों को साझा करें कार्यकर्ता : विधायक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



प्रखंड के एक निजी स्कूल के सभागार में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुना गया। मन की बात को विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं के अलावा कई लोगों ने भी सुना। इसके अलावा प्रखंड के सभी बूथों पर भी पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। मन की बात कार्यक्रम की समाप्ति के बाद विधायक ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कहा कि मन की बात की मुख्य बातों को आमजनों के बीच साझा करें तथा सरकार की उपलब्धियों को बताने का काम करें। केंद्रीय सरकार देश के हरेक क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। मौके पर संतोष कुमार महतो, हीरामन महतो, मधुसूदन प्रसाद, महादेव मंडल, गुरु प्रसाद साव, राजेश सोनी, संजू देवी, हरि यादव, महेंद्र कुमार महतो, अंजू देवी, सीमा देवी, सुरेश राम, राजेश साव, अशोक भाई पटेल, बालेश्वर महतो समेत कई लोग शामिल हुए।

## सिंदवारी पंचमुखी हनुमतलला प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए, रोशन लाल चौधरी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : सिन्दवारी नगड़ी गांव में श्री श्री 1008 की पंचमुखी हनुमतलला प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू पार्टी महासचिव रोशनलाल चौधरी शामिल होकर बड़कागांव क्षेत्र की सुख शांति की कामना किया। आगे कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र में सुख शांति के अलावा पर्यावरण पर भी लाभदायक होती है । वातावरण शुद्ध एवं पवित्र होता है,सुख शांति धन ध्यान की वृद्धि होती है ।मौके पर आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह , कामेश्वर महतो ,भोला महतो, समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार ,तपेश्वर कुमार तापस, महादेव साव, भीखम साव,महावीर साव, रामनाथ साव,सुरेश राणा, देवनन्द साव, अशोक दास, हीरालाल महतो ,तुलेश्वर वर्मा, शिव दयाल महतो, शिबू साव, धनेश्वर महतो ,विकास वर्मा, महादेव महतो ,महादेव साव, राजेश राम, अशोक प्रसाद, सुरेश साव, रीतलाल प्रजापति ,बसंत वर्मा, लेलून वर्मा, चक्रधारी महतो, महेश साव,भोला साव, नागेश्वर राव, राजेश प्रसाद ,केदार साव,प्रदीप महतो इसके अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## वरुण बने विष्णुगढ़ रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष






**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

प्रखंड के बाजारटांड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में रामनवमी पूजा व झांकी के आयोजन के मद्देनजर सभी अखाड़ा तथा रामभक्तों की मौजूदगी में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष बिनोद सिंह तथा संचालन पूर्व अध्यक्ष लखन प्रसाद ने किया। बैठक में रामनवमी महासमिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से वरुण कुमार महासमिति के अध्यक्ष मनोनीत किए गए। इसके अलावा महासमिति के विभिन्न पदों के पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया। जिसमें संरक्षक ओमक. ारनाथ शर्मा, सोबरन भगत, उपाध्यक्ष अनुराग बर्मन, महेश पाण्डेय, सचिव निर्मल कुमार, सहसचिव विनय कुमार दास, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, सह कोषाध्यक्ष शशि लाहकार, मिडिया प्रभारी पवन प्रताप सिंह का चयन किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में अशोक सिंह, राजू रवानी, अनूप कसेरा, सुमित कुमार, पवन कुमार, राहुल गुप्ता, अजित कुमार, गणेश कुमार, कैलाश कुमार, मुकेश विश्वकर्मा, संजय कसेरा, आशीष वर्णवाल, शंकर गोस्वामी, अशोक गुप्ता, रवि पाण्डेय, पवन राय, राजेश सोनी, जीवन सोनी, विकास पासवान, प्रभाकर मिश्रा, सुजीत कसेरा चुने गए। निर्णय लिया गया कि प्रशासन के निर्देश का अनुपालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से सभी झांकियों को निकाला जाएगा।

## बड़कागांव थाना प्रभारी ने रामनवमी जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : महारामनवमी पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। रविवार को थाना प्रभारी विनोद तिर्की एवं बड़कागांव राम नवमी पूजा महासमिति अध्यक्ष बिंदु कुमार दांगी ने घूम घूम कर जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला मस्जिद के समीप बैठकर मुखिया तकरीमुल्लाह खान से रामनवमी से संबंधित कई महत्वपूर्ण चर्चा की। इस दौरान मस्जिद चौक पर सीसीटीवी कैमरा, लाइट लगाने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में रितेश कुमार दांगी, गौतम कुमार वर्मा, शशि कुमार तुरी, चंदन गुरु ,राजकिशोर राणा, निरंजन सोनी, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## माह ए रमजान रहमतों और बरकतों का महीना है : लालबाबू

**अपेम लाइव : लातेहार**



श्री बंशीधर नगररू पवित्र रमजान में हर मुसलमान के लिए रोजा रखना अनिवार्य माना गया है। उक्त बातें झामुमो युवा नेता व समाजसेवी लाल. बाबू खान ने कही। उन्हा. ेने कहा कि माह ए रमजान रहमतों और बर. कतों का महीना है सच्चे मन से अल्लाह की इबादत करने वालों पर अल्लाह की रहमत होती है ।उन्होंने कहा कि रमजान के पहले अशरे में मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा दान कर के गरीबों की मदद करनी चाहिए ।उन्होंने कहा कि हर एक इंसान से प्यार और नरमी का व्यवहार करना चाहिए ।यूं तो रमजान का पूरा महीना मोमिनों के लिए खुदा की तरफ से,रहमत और बरकतों बारिश होती है ।उन्होंने कहा कि रोजे का मतलब होता हैं अपने आप को बुराइयों से बचाते हुए भलाई का अपनाना इंसान रोजा रखकर ऐसा बनने कोशिश करता हैं। उन्होंने कहा कि रोजे के समय रोजेदार को कोई भी बुरा काम न करें। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान के महीने में अल्लाह अपने बंदों के लिए रहमतों के दरवाजे खोल देता है उनकी झोली भर देता है अल्लाह की एक अलग ही रहमत होती है। उन्होंने कहा कि रमजान महीने का रोजा कोई इंसान बिना किसी वाजिब वजह के छोड़ दे तो वह पूरी जिंदगी रोजा रख कर भी उसका जवाब नहीं पा सकता है।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार